**Water Resources Department**

**Government Of Bihar**

जल संसाधन विभाग

# नदी जोड़ योजना : निगरानी के लिए स्पेशल सेल

## जल संसाधन सचिव करेंगे मॉनिटरिंग, सीएम ने दिया है विभाग को निर्देश

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

राज्य सरकार ने नदी जोड़ योजना की निगरानी के लिए स्पेशल सेल का गठन किया है। जल संसाधन विभाग ने इस संबंध में 6 सदस्यीय टीम का गठन किया है। इसमें एक अध्यक्ष और एक सदस्य सचिव के अलावा चार सदस्य होंगे। सेल किसी अधिकारी या किसी कोषांग के अधीन काम नहीं करेगा। यह स्पेशल सेल पूरी तरह अलग से काम करेगा और सीधे सचिव की मॉनिटरिंग में होगा। प्रत्येक 15 दिनों पर सचिव इस सेल के कार्यों की समीक्षा करेंगे और आगे के लिए दिशा-निर्देश देंगे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छोटी नदियों और राज्य के अंदर की नदियों को जोड़ने को लेकर विभाग को कई दिशा-निर्देश दिये हैं। बाढ़ से निजात दिलाने और सिंचाई के बेहतर प्रबंध के लिए सूबे की छोटी-छोटी नदियों को जोड़ना आवश्यक माना जा रहा है। विभाग में स्पेशल कोषांग बनाया गया है।

### डीपीआर से लेकर सभी कार्रवाई पर रहेगी सेल की नजर

यह विशेष सेल नदी जोड़ योजना को लेकर सारी प्रक्रियाओं पर नजर रखेगा। जहां योजना कार्यान्वित होगी, उन अंचलों से समन्वय करेगा। इसके बाद योजना की नियमित मॉनिटरिंग करेगा। तकनीकी संभाव्यता के साथ आवश्यक कार्रवाई करेगा। डीपीआर को लेकर भी विभागीय अधिकारियों, वरीय अधिकारियों के साथ आगे की कार्रवाई का सूत्रधार होगा। पूरी सेल विभागीय सचिव के दिशा-निर्देश पर काम करेगा। सचिव इसके बाद जल संसाधन मंत्री को समय-समय पर योजना से जुड़ी अहम जानकारी देंगे।

दैनिक भास्कर, 16 मई, 2022

@WRD_Bihar @BiharWaterResourceDept